और राशि मांगने पर आठ लाख रुपए अजीतवाल जाकर उसने दे दिए थे। इसके अलावा 42 लाख के कुल चार चैक दिए। जबकि सौदा छह करोड़ 66 लाख रुपए में तय हुआ था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रजनीश कुमार जमीन के

मुलाकात हुई थी जिसके बाद वह जमानत पर जाकर लोगों के साथ जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने लगे। समय रहते सूचना मिलने के चलते 6 करोड़ 66 लाख रुपए की ठगी बच गई । साथ ही ठग गिरोह का भंडाफोड़ हुआ।

नुक्कड़ नाटक से साइबर क्राइम पर जागरूक

फरीदकोट। जिला फरीदकोट में कुविक हील फाउंडेशन महाराष्ट्र द्वारा नीलम रानी जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से जिला फरीदकोट में साइबर अपराध के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आधार विकास सामाजिक संस्था द्वारा नियुक्त प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता छिंदरपाल शर्मा के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इन नुक्कड़ नाटकों से लोगों को साइबर क्राइम के बारे में बताया जा रहा है कि कैसे इंस्टेंट लोन के नाम पर लोगों को ठगा जाता हैं, कैसे लड़कियां शादी की वेबसाइट पर गलत आइडिया बनाकर लड़कों को ब्लैकमेल करती हैं, फेसबुक, ट्विटर आदि पर गलत अकाउंट बनाकर कैसे लोगों के साथ अपराध किया जाता है। छिंद्रपाल शर्मा ने जानकारी की के अब तक जिले के गांव कोट सुखिया, धूरकोट, ढुडी, भाणा, बीड़ सिखावाला, देवीवाला और फरीदकोट के तीन अलग-अलग स्थानों पर नाटक प्रस्तुत किए गए है। इन नुक्कड़ नाटकों में यादविंदर सिंह, अंग्रेज सिंह, कमलदीप कौर और नवनीत कौर ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

...सर-दिल्ली एनएच पर धरना